बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा (तृ0स्ना0स्त0परी0)–43 / 2022 (खंड–1)

बिहार कर्मचारी चयन आयोग,

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–4668/आ0 पटना, दिनांक–7.12.2022

विज्ञापन संख्या–01 / 22, तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2022 दिनांक–23.12.2022 एवं 24.12.2022 को निर्धारित है। उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar.gov.in** पर अपलोड कर दिये जायेंगे। ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर उक्त परीक्षा के स्थगित होने, तिथि बढ़ाए जाने आदि संबंधी अफवाहें फैलायी जा रही है। सोशल मीडिया पर परिचारित उक्त अफवाहें पूर्णतः असत्य, भ्रामक एवं तथ्यहीन हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि ऐसे असत्य, भ्रामक एवं तथ्यहीन अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। वरन् आयोग के अधिकृत वेबसाईट **https://bssc.bihar.gov.in** पर अंकित सूचना पर ही विश्वास करें।

आयोग द्वारा सोशल मीडिया पर असत्य, भ्रामक एवं तथ्यहीन अफवाहें परिचारित करने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

विज्ञापन संख्या–01 / 22, तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा–2022 के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों (दिनांक–23.12.2022 एवं 24.12.2022) को ही परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा वे शीघ्र निर्गत होने वाले प्रवेश पत्र के आधार पर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar.gov.in** का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

07.12.2022

विशेष कार्य पदाधिकारी–सह–
प्रभारी पदाधिकारी, परीक्षा
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।